








# मैन्यू अनुसार भोजन नहीं देने वाले समूहों को तत्काल हटाएं : डीएम

**निष्क्रिय सीएसी भी हटाये जायेंगे, लगातार मॉनीटरिंग के निर्देश, जिला अधिकारियों को 5-5 स्कूलों की जिम्मेदारी, भ्रमण के साथ स्कूल में भोजन भी करेंगे**

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 9 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने कहा है कि जिले के विद्यालयो में मैन्यू अनुसार भोजन नही देने वाले स्वसहायता समूहों को तत्काल प्रभाव से हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। इसके साथ ही ऐसे सीएसी जो कई वर्षो से कार्यरत है एवं निष्क्रिय बने हुए है, उन्हें भी हटाने की कार्यवाही की जायें। उदासीनता बरतने वाले प्राचार्यो तथा शाला प्रभारियों के विरूद्ध भी समीक्षा के उपरांत कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। उन्होने कहा कि बच्चों को पीएम पोषण योजना अंतर्गत प्रोटोकॉल एवं मैन्यु अनुसार भोजन प्रदान किया जायें। लगभग सवा सौ जिला एवं विकासखण्ड स्तर के अधिकारियों को भी 5-5 स्कूलों की जिम्मेदारी दी गई है, जो नियमित रूप से भ्रमण कर स्कूल में मध्यान्ह भोजन करेंगे। वे आज जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित शिक्षा, आदिम जाति कल्याण, जिला शिक्षा केन्द्र, महिला बाल विकास विभाग सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं बीईओ, बीआरसी, संकुल प्राचार्य, सीएसी उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने कहा कि मध्यान्ह भोजन प्रदान करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। सीएसी लगातार स्कूलों का निरीक्षण करेंगे तथा प्रत्येक दिन किसी न किसी स्कूल में विद्यार्थियों के साथ बैठकर भोजन करेंगे। यह शिक्षा विभाग तथा बीआरसी, सीएसी, बीएसी की जिम्मेदारी होगी कि सभी विद्यालयों में बच्चों को मैन्यू अनुसार सम्मानजनक तरीके से भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होने कहा कि सीएसी जिस भी स्कूल में कमी आये तो तत्काल समूह का अनुबंध निरस्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित करायें। इसी प्रकार जिला अधिकारी आवंटित 5-5 स्कूलों का निरीक्षण करेंगे और बच्चों के साथ बैठकर भोजन करेंगे। इस संबंध में प्रत्येक माह प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जायेगा। उन्होने कहा कि एक ही स्थान पर 10 वर्षो से कार्यरत सीएसी को हटाया जायें। पीएम पोषण योजना के तहत मध्यान्ह भोजन के प्रत्येक दिन की जानकारी पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज की जाये।

**समूहों के अध्यक्ष, सचिवों की बैठक लेंगे एसडीएम**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने निर्देश दिये कि सभी एसडीएम अपने-अपने अनुभाग में संचालित विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन उपलब्ध करा रहें स्वसहायता समूहों के अध्यक्षों एवं सचिवों की बैठक लेंगे तथा उन्हें हिदायत देंगे कि बच्चों को मैन्यू अनुसार तथा पूरे प्रोटोकॉल के साथ गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जायें।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने निर्देश दिये कि सभी जिला अधिकारी अगले एक सप्ताह में विजयपुर क्षेत्र के आवंटित विद्यालयों का भ्रमण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे, इसी प्रकार बीईओ, बीआरसी, बीएसी, सीएसी एक सप्ताह तक प्रत्येक दिन भ्रमण करेंगे और प्रतिवेदन डीपीसी के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। उक्त कार्य की एक सप्ताह उपरांत पुनः समीक्षा की जायेगी।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने निर्देश दिये कि सभी विद्यालयों में एमडीएम का मैन्यू दिनवार प्रदर्शित किया जायें, इसके साथ ही स्टॉफ सूची एवं मध्यान्ह भोजन प्रभारी के नाम प्रदर्शित किये जायें। विद्यालयों में टॉयलेट की व्यवस्था सुनिश्चित की जायें। मध्यान्ह भोजन के लिए उपयुक्त बर्तनों के संबंध में सभी शाला प्रभारियों से प्रमाणीकरण लिये जाने के निर्देश भी दिये गये।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद ने निर्देश दिये कि मध्यान्ह भोजन पोर्टल पर प्रत्येक दिन की जानकारी दर्ज की जायें, ऐसा नही करने वाले सीएसी एवं शाला प्रभारियों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि समय से खाद्यान का उठाव सुनिश्चित किया जायें। बैठक के दौरान उन्होंने ऑनलाइन रिपोटिंग की समीक्षा भी की तथा एमडीएम की जानकारी दर्ज नही करने वाले गोरस, बरगवा, उतनवाड, ढोढर, गोहटा, गोहेडा, ननावद, गढी आदि क्षेत्रो के सीएसी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।

**न्याय की राह में देरी**

## फर्जी रजिस्ट्री केस में कार्रवाई ठप, पीड़िता ने सौंपी शिकायत

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 9 नवम्बर।** भूमि की फर्जी रजिस्ट्री के मामले में दर्ज एफआई.आर. क्रमांक 0193/2025 को आज पांच माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इससे पीड़िता लीला कुशवाह ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। जिसको लेकर फरियादिया ने श्योपुर एसपी को आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की है पीड़िता ने आवेदन में बताया कि फर्जी रजिस्ट्री प्रकरण में स्पष्ट साक्ष्य उपलब्ध होने के बावजूद पुलिस द्वारा न तो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, न ही अदालत में चालान पेश किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि थाना जिम्मेदार अधिकारी मामले को जानबूझकर टाल रहे हैं।

इस संबंध में लीला कुशवाह ने पुलिस अधीक्षक श्योपुर को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि संबंधित थाना प्रभारी के खिलाफविभागीय जांच कराई जाए तथा एफआई.आर. 0193/2025 के अंतर्गत दर्ज आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए।ज्ञापन में कहा गया है कि फर्जी दस्तावेज तैयार कर भूमि हड़पने की कोशिश करने वालों को संरक्षण दिया जा रहा है। च्च्अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो न्याय के लिए आंदोलन करना पड़ेगा,ज्ज पीड़िता ने चेताया।

फरियादी ने दिए आवेदन में स्पष्ट लेख किया है कि उक्त प्रकरण में प्रथम दृष्टया आरोप एक कार्मचारी लगाया गया है, जिन्होंने कथित तौर पर कंप्यूटर पर फर्जी दस्तावेज तैयार किए और भूमि स्वामित्व को बदलने का प्रयास किया।पांच महीने बीतने के बाद भी जांच अधूरी और आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे आमजन में भी आक्रोश देखा जा रहा है।

## महिला के आवेदन पर मौके की जांच करने के निर्देश

**श्योपुर, 9 नवंबर।** आदिवासी महिला श्रीमती सावित्री बाई द्वारा दिए गए आवेदन के संबंध में प्रशासन द्वारा संज्ञान लिया गया है। तहसीलदार कराहल सुश्री रोशनी शेख ने बताया कि महिला द्वारा दिए गए आवेदन पर संबंधित राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी को मौके पर जांच कर विस्तृत रिपोर्ट तीन दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होते ही वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# विद्यालयों में एमडीएम प्रदाय कर रहे समूहों की बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 9 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा की अध्यक्षता में जनपद पंचायत विजयपुर के सभागार में विजयपुर विकासखण्ड अंतर्गत विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन उपलब्ध करा रहे स्वसहायता समूहों के अध्यक्षों एवं सचिवों की बैठक आयोजित की गई।

**एसडीएम विजयपुर ने अध्यक्ष एवं सचिवों को दिये निर्देश**



एसडीएम अभिषेक मिश्रा ने मध्यान्ह भोजन का संचालन करने वाले समूहों के अध्यक्षो एवं सचिवों को निर्देश दिये कि बच्चों को मैन्यू अनुसार पूरे प्रोटोकॉल के साथ भोजन उपलब्ध कराया जायें, अन्यथा समूहों के अनुबंध निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि बच्चों को विद्यालय की रसोई में स्वच्छता के साथ भोजन पकाकर मैन्यू अनुसार ससम्मान परोसा जायें।

इस कार्य में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नही होगी। इसी के साथ उन्होंने कहा कि समूहों के साथ कार्य करने वाले रसोईयों को पाबंद किया जाये कि स्वच्छ तरीके से भोजन पकाये और शासन की ओर से उपलब्ध कराये गये बर्तनों में बच्चों को भोजन परोसा जायें, इसके साथ ही बर्तनों की उचित तरीके से साफ-सफाई की जायें।

# केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति किया जागरूक

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 9 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के आदेशानुसार ग्राम अभयपुरा में कृषि वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र बडौदा डॉ. कायम सिंह द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वी जगती के तारतम्य में जगजातीय गौरव दिवस 2025 अंतर्गत जारी पखवाडे के क्रम में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया गया।




उन्होने जनजातीय मामलों के लिए कई योजनाए है. जो शिक्षा, आजीविका, सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण और संस्कृति संरक्षण पर केंद्रित हैं। इनमें से कुछ प्रमुख योजनाएं वनधन विकास योजना, जो आदिवासियों को उद्यमी बनाने के लिए है, प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना जो गांवों के एकीकृत विकास पर केंद्रित और विभिन्न ऋण योजनाएं जैसे सावधि ऋण योजना और माइक्रो क्रेडिट योजना के बारे में जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत गांवों सड़क दूरसंचार, स्कूल, आगनवाड़ी केंद्र स्वास्थ्य उप-केंद्र, पेयजल और स्वच्छता जैसी सुविधाएं शामिल है। सावधि ऋण योजना-व्यावसायिक इकाइयों के लिए 5 से 10 साल की पुनर्भुगतान अवधि के साथ आसान ऋण प्रदान करती है।

लघु वनोपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य और मूल्य श्रृंखला विकास योजना यह योजना लघु वनोपज के विपणन को बेहतर बनाने के लिए शुरू की गई हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत कृषि स्थाई समिति के सभापति श्री गिरधारी बैरवा भी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### आज मधुवन नगर फीडर की बंद रहेगी बिजली

**श्योपुर, 9 नवंबर।** श्योपुर शहर वितरण केन्द्र अंतर्गत 11 केव्ही लाइनो का पोस्ट मानसून मेटीनेंस कार्य कराने के चलते 10 नवंबर को मधुवन नगर फीडर से तथा 11 नवंबर को नागदा रोड फीडर से सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी। प्रबंधक वितरण केन्द्र श्योपुर शहर ने बताया कि इसके चलते 10 नवंबर को मधुवन नगर, कल्याणपुरम कॉलोनी, गुलमोहर कॉलोनी, बजाज नगर, रेलवे फाटक, एससीआई गोदाम क्षेत्र में बिजली की सप्लाई बंद रहेगी। इसी प्रकार 11 नवंबर को महाराणा प्रताप नगर, नागदा रोड मजिस्द के पीछे तक, चिंताहरण मंदिर के पीछे वाला एरिया, मोहन जी की बगीची, कैनरा बैंक गली, पप्पू होटल वाले एरिया में बिजली की सप्लाई बंद रहेगी।

### 9 लीटर अवैध शराब जप्त

**श्योपुर।** थाना बरगवां अवैध शराब पकडी आरोपी शैलू पुत्र लक्ष्मण सिंह सिकरवार उम्र 28 साल नि. लहरोनी बरगवां को दि. 08.11.25 के आदिवासी का खेत कब्जे से 09 ली. कीमती 900/- रु. की 55/25 धारा 34 आब एक्ट हा.भ. की बनी कच्ची शराब जप्त की। दि. 08.11.25 के 19.09 बजे अप. क्र. कामय कर लिया हैं।

### गाय को दुकान के पास जाने की बात पर मारपीट

थाना कराहल मारपीट फरि. ज्ञानी पुत्र बिरखा जाटव उम्र 45 साल नि. महरवानी ने रिपोर्ट की कि दि. 08.11.25 के 17.00 बजे स्थान फरि. की खिरक के पास महरवानी आरोपीगण बाबू जाटव मंगल जाटव नि.गण सदर ने फरि. को गाय को दुकान के पास जाने की बात पर से मारपीट की गालियां दी व जान से मारने की धमकी दी। दि. 08.11.25 के 19.03 बजे अप. क्र. 188/25 धारा 296,115(2),351(2), 3(5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

### पुरानी रंजिश की बात पर गाली-गलौच मारपीट

थाना विजयपुर मारपीट फरि. मुकेश पुत्र रामनिवास शाक्य उम्र 23 साल नि. इकलौद ने रिपोर्ट की कि दि. 08.11.25 के 20.00 बजे स्थान फरि. के घर के बाहर आरोपी सुनील पुत्र हरी टेलर नि. सदर ने फरि को पुरानी रंजिश की बात पर से मारपीट की गालियां दी एवं जान से मारने की धमकी दी। दि. 08.11.25 के 22.01 बजे अप. क्र. 432/25 धारा 296,115(2),351(3) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

### पुराने झगड़े की बात पर तीन ने एक को पीटा

थाना कराहल मारपीट फरि. राजपाल पुत्र ज्ञानी जाटव उम्र 27 साल नि. ग्राम मेहरवानी थाना कराहल ने रिपोर्ट की कि दि. 09.11.25 के 08.30 बजे स्थान फरि. की खिरक के पास ग्राम मेहरवानी कराहल पर आरोपीगण मंगल जाटव, बाबू जाटव, दख्खा बाई नि. गण. ग्राम मेहरवानी थाना कराहल ने पुराने झगड़े की बात को लेकर मां- बहन की गंदी - गंदी गालियां दी मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। दि. 09.11.25 के 09.30 बजे अप. क्र. 189/25 धारा 296,115 (2),351 (2),3(5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

### मंडी में बढ़ी धान की आवक, केटींन आदि सुविधाएं सुचारू की गई

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशानुसार मंडी प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा के दृष्टिगत उप मंडी कराहल में भी धान का क्रय-विक्रय शुरू कर दिया गया है। सचिव कृषि उपज मंडी समिति श्योपुर ने बताया कि मंडी परिसर में केटींन सहित पेयजल एवं प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। इस वर्ष अभी तक श्योपुर मंडी में 1 लाख 52 हजार 893 क्विंटल धान का क्रय किया जा चुका है, जो कि गत वर्ष अक्टूबर से नंवबर की अवधि में हुई धान की कुल आवक 32 हजार 387 क्विंटल की तुलना में 5 गुना अधिक है। इसी प्रकार बडौदा मंडी में भी धान की आवक विगत वर्ष माह 07 नवंबर 2024 तक 694 क्विंटल के विरूद्ध इस वर्ष 8718 क्विंटल हो गई है, इस प्रकार दोनो मंडियों में अभी तक 161611 क्विंटल धान की आवक हुई है। धान का मॉडल प्राइस 2500 रूपये प्रति क्विंटल रहा है। न्यूनतम 1 हजार रूपये प्रति क्विंटल एवं अधिकतम 3 हजार 185 रूपये प्रति क्विंटल धान की खरीदी की गई है।

## तीन पर दहेज प्रताड़ना का मामला कायम

**श्योपुर, 9 नवम्बर।** थाना दहेज प्रताड़ना फरि. किसमत पुत्री गजेन्द्र बैरवा उम्र 23 साल नि. ग्राम आमल्दा थाना देहात जिला श्यो. ने रिपोर्ट की कि दि. 02.06.25 से 04.11.25 के 15.00 बजे स्थान फरिया का ससुराल व मायका ग्राम आमल्दा जिला श्यो. पर आरोपीगण ओमप्रकाश , राजू पुत्र गण रामचरण बैरवा , गोबरी पत्नी रामचरण वैरवा नि. गण. ग्राम डूगरली थाना इटावा जिला कोटा ग्रामीण राजस्थान ने फरिया. को दहेद हेतु शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया।

# 22 वाहन चालकों का चालान कर 10400 रू का समन शुल्क वसूला

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 9 नवम्बर।** श्योपुर यातायात पुलिस सुधीर कुमार अग्रवाल पुलिस अधीक्षक श्योपुर के निर्देश पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत संचालित तीन दिवसीय विशेष अभियान के अंतर्गत बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के वाहन चलाने वाले चालको, नाबालिक बच्चों तथा शराब पीकर वाहन चालन करने वाले चालकों के विरुद्ध चैकिग कार्यवाही संचालित की गई।

बिना हेलमेट:03,बिना नम्बर 19, वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई।



पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा यातायात व्यवस्था को सुगम व सुरक्षित बनाने एवं जिलों में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेत विशेष वाहन चौंकिंग अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के परिपालन में सुधीर कुमार अग्रवाल पुलिस अधीक्षक जिला श्योपुर के निर्देशन तथा प्रवीण भूरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में निरीक्षक संजय सिंह राजपूत थाना प्रभारी यातायात के द्वारा यातायात टीम के साथ चैकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत प्रथकदूप्रथक चिन्हित स्थानों पर वाहन चैकिंग के दौरान बिना रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित कर वाहन चलाने वाले,नाबालिक बच्चों द्वारा वाहन चलाने तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध चेकिंग कर कुल 22 चालान बनाया जाकर 10400 रू का समन शुल्क जुर्माना किया गया।

यातायात पुलिस की शहर के नागरिकों से अपील है कि आप यातायात के समस्त नियमों का पालन करें। अपने वाहनों पर रजिस्ट्रेशन नंबर आवश्यक रूप से अंकित करें,दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट आवश्यक रूप से धारण करें। अपने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने के लिए ना दें। शराब का सेवन कर वाहन न चलाए। ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा, फिटनेस, परमिट आदि जरूरी दस्तावेज आवश्यक रूप से साथ में रखें। निर्धारित गति सीमा से तेज गति से तथा खतरनाक ढंग से वाहन न चलाएं। स्वयं भी सुरक्षित रहें एवम् दूसरों को भी सुरक्षित यात्रा अवसर दें।

## कराहल में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही

**श्योपुर, 9 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशानुसार एसडीएम बीएस श्रीवास्तव तथा तहसीलदार सुश्री रोशनी शेख द्वारा कराहल में सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई है, उक्त भूमि यूनानी अस्पताल निर्माण के लिए आवंटित थी, जिस पर अतिक्रमण कर पक्का निर्माण कर लिया गया था, प्रशासन एवं पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए उक्त अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई है। एसडीएम ने बताया कि कराहल के सर्वे नंबर 1406/2 रकबा 0.836 हेक्टयर में से 0.11 हेक्टयर भूमि पर मौजूद अतिक्रमण को हटा दिया गया है। उक्त भूमि का बाजार मूल्य लगभग 30 लाख रूपये है।

# सरकारी योजनाओं से आत्मनिर्भर बन रहे आदिवासी युवा

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 9 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में श्योपुर जिले में मध्यप्रदेश शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों को मिल रहा है, मध्यप्रदेश आदिवासी वित्त विकास निगम अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना का लाभ लेकर आदिवासी युवा रोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहे है।

ऐसे ही एक युवा है, हाउ सिह पटेलिया जो आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम करियादेह के निवासी है, जो शिक्षित बेरोजगार की श्रेणी में थे, इन्होंने मुख्यमंत्री टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत 50 हजार रूपये का ऋण फोटो कॉपी मशीन के लिए प्राप्त किया और ग्राम करियादेह में अपनी फोटो कॉपी की दुकान को संचालित कर रहे है। वर्तमान में हाउ सिंह पटेलिया उक्त दुकान के माध्यम से 6 हजार रूपये के लगभग आमदनी प्राप्त कर रहे हैं।

# विधायक ने छात्र-छात्राओं को किया नि :शुल्क साईकिलों का वितरण

**नवभारत न्यूज**

**इंदरगढ़, 9 नवम्बर।** इन्दरगढ़ हाईस्कूल जौनिया- जब हम स्कूल जाते थे तब हमारे पास संसाधन नहीं होते थे उस समय कांग्रेस की सरकार होती थी ए सरकार द्वारा भी कोई विशेष संसाधन नहीं दिये जाते थेएऐसे परिवेश में हम लोगों ने शिक्षा प्राप्त की । वर्ष 2003 से प्रदेश में भाजपा की सरकार के आते ही सरकार ने छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिये उन्हें निशुल्क साईकिल, निशुल्क गणवेश निशुल्क पुस्तकें उपलब्ध कराने के साथ साथ ए बजीफा देने की योजना बनाई ए जो निरंतर चल रहीं हैं।

यह बात सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने हाई स्कूल जौनिया में निशुल्क साईकिलों के वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही । उन्होंने आगे छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ लेते हुये खूब पढाई करो पढ़ाई के साथ साथ संस्कार वान बनो ए डाक्टर इंजीनियर कलेक्टर आदि अर्थात अपने अपने पसंदीदा पदों पर जाओ अपने माता पिताए अपने गुरुजनों अपने गांवए अपने जिलेए अपने प्रदेश का नाम रोशन करो और राष्ट्र के विकास की में सहयोगी बनो ।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम के सरपंच मनीष शर्मा के अलावा वरिष्ठ भाजपा नेताए अमज़द खानए हर नारायण सैनए जगदीश शर्माए ललला कुशवाहाए राजा बुधौलियाए दामोदर गुप्ताए मंशाराम बघेलएआदि ?उपस्थित रहे।






कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन से की गई ए पूजन के उपरांत स्कूल स्टाफद्वारा फूल मालाओं से अतिथियों का स्वागत किया मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल को साफा पहनाकर सम्मानित किया इस अवसर पर स्कूल की कक्षा 9 की छात्रा देवांशीएरागिनीए और अनु द्वारा सरस्वती वंदना का गायन किया गया छात्राओं द्वारा विधायक श्री अग्रवाल को हाई स्कूल का हाई सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन करने हेतु ज्ञापन दिया गया उन्होंने कहा कि यहां 7 गांव लगते हैं बच्चों को हाई स्कूल पास करने के बाद अध्ययन के लिए बाहर जाना पड़ता है बाहर जाने की वजह से हम लोगों के घरवाले हमारी पढ़ाई बंद करवा देते हैंए विधायक श्री अग्रवाल ने स्कूल का शीघ्र उन्नयन कराए जाने हेतु आशवासन दिया ।

यहाँ स्कूल स्टाफद्वारा प्रांगण में सी सी एवं बाउंड्री वॉल की मांगी गई। विधायक ने इस मांग को भी स्वीकार कर शीघ्र निर्माण कराये जाने की बात कही । इस अवसर पर 12 छात्राओं एवं 16 छात्रों को निशुल्क साइकिलों का वितरण विधायक श्री अग्रवाल द्वारा किया गयाए इस अवसर पर स्कूल स्टाफसूर्यबली सेन प्राचार्य के अलावा वीरेंद्र सिंह उचाड़िया राधाचरण जोशी मंजू गुप्ता रुचि सोनी नरेंद्र सिंह प्रजापति तथा बड़ी संख्या में स्कूल के छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे ।